# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात।

## पराविधिक स्वयं सेवक(PLV) की भर्ती हेतु प्रेस विज्ञप्ति

उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांकः- 880/एस.एल.एस.ए-55/2010 दिनांकित 18.03.2026 के द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात में विधिक जागरूकता व प्रचार- प्रसार हेतु पराविधिक स्वयं सेवक(PLV) की नवीन नियुक्त हेतु निर्देश जारी किये गये है। उक्त के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांकित 22.06.2026 के द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति द्वारा यह निर्देश जारी किये गये है कि पराविधिकि स्वयं सेवक की भर्ती हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाना है।

उक्त के संबंध में निम्न प्रकार से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वन स्टॉप सेन्टर, महिला थाना, जिला चिकित्सालय, मानव तस्करी विरोधी इकाई, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, फ्रण्ट ऑफिस, समस्त तहसील कानपुर देहात एवं तहसील घाटमपुर व बिल्हौर कानपुर नगर हेतु 50 पराविधिक स्वयं सेवकों की भर्ती की जानी है।

पराविधिक स्वयं सेवक (PLV) के रुप में कार्य करने हेतु किसी भी सरकारी अथवा प्राइवेट स्कूल और कॉलेज के अध्यापक या लेक्चरर/सेवा निवृत्त अध्यापक व लेक्चरर, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक, मास्टर ऑफ सोशल वर्क(M.S.W) के अध्यापक व विद्यार्थी, स्नातक एवं विधि स्नातक में अध्यनरत विद्यार्थी, आंगनवाडी कार्यकर्ती/कार्यकर्ता/आशाबहू, सरकारी अथवा प्राइवेट डॉक्टर/सरकारी कर्मचारी/किसी भी विभाग के फील्ड ऑफीसर, गैर राजनीतिक अथवा प्राइवेट संस्थान/एन.जी.ओ. के सदस्य/वालन्टियर व सामाजिक कार्यकर्ता, ट्रान्सजेण्डर, को-आपरेटिव सोसायटी के सदस्य/ट्रेड यूनियन के सदस्य एवं ऐसे अन्य व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।

अतः आवेदन के इच्छुक व्यक्ति आवेदन फॉर्म दिनांक 13.08.2026 से जनपद की अधिकृत की वेबसाइट https://kanpurdehat.dcourts.gov.in अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात से निःशुल्क प्राप्त कर सकतें हैं तथा आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11.09.2026 नियत की गयी है उसके उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकर नहीं किये जायेंगे।

दिनांकः- 13.08.2026
संलग्नकः- आवेदन पत्र का प्रारूप।

भवदीया,
13/08/26
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कानपुर देहात।

प्रतिलिपिः-

1. माननीय नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, कानपुर देहात को जनपद न्यायालय की आधकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु सादर प्रेषित।
2. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात को समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।
3. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर नगर को समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

13/08/26
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कानपुर देहात।

<u>पराविधिक स्वंय सेवक (पी0एल0वी0) हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

1. नाम–

2. पिता का नाम–

3. निवास का पता–

पासपोर्ट साइज का फोटो लगायें

4. जन्मतिथि–

5. शैक्षिक योग्यता–

6. आवेदन किस तहसील/जिला स्तर के लिये किया गया है उसका नाम–

7. यदि अन्य सेवा में है तो विभाग का नाम व पदनाम–

8. यदि अध्यापक/प्रवक्ता है तो विद्यालय का नाम व पूरा पता–

9. अन्य कोई विवरण यदि हो–

10. सम्पर्क सूत्र (मोबाइल नं0)– ई–मेल आई0डी0–

<u>नोट–निवास, आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।</u>

<u>घोषणा</u>

1. मैं.......................................................एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रति मैं पूरी निष्ठा तथा ईमानदारी से अपना कार्य करूंगा/करूंगी।

2. मेरे विरूद्ध प्रदेश या प्रदेश के बाहर के न्यायालयों में किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक वाद विचाराधीन नही और न ही किसी भी थाने में कोई भी विवेचना लम्बित है।

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम व पूरा पता